आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 15.12.2024
समय 07.20

मुख्य समाचार :—

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संविधान देश की एकता का मुख्य स्तंभ बताया। लोकसभा में संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा——भारतीय लोकतंत्र दुनिया के लिए प्रेरणा।
- उत्तराखंड में 38वें राष्ट्रीय खेलों का आज शुभंकर, लोगो, टॉर्च, जर्सी और एंथम लांच किया जाएगा।
- रिजर्व बैंक ने बिना जमानत के कृषि ऋण की सीमा एक लाख साठ हजार से बढ़ाकर दो लाख रुपये की।
- राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत उत्तराखंड में हर महीने करीब तीन लाख लोग आयुष सेवा का लाभ उठा रहे हैं।

.....................................................

<u>लोकसभा चर्चा</u>

लोकसभा में कल भारत के संविधान के 75 वर्षों की यात्रा पर लगभग 15 घंटों से अधिक चर्चा की गई। चर्चा में विभिन्न राजनीतिक दलों के सदस्यों ने भाग लिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि संविधान देश में एकता का मुख्य स्तंभ है। लोकसभा में भारत के संविधान की 75 वर्ष की गौरवशाली यात्रा पर विशेष चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने यह बात कही। प्रधानमंत्री ने विभिन्न योजनाओं और पहलों के माध्यम से देश में एकता लाने के लिए एन.डी.ए. सरकार के प्रयासों का उल्लेख किया। वहीं राज्यसभा में संविधान के 75 साल की यात्रा पर कल से चर्चा शुरू होगी। जिसके लिए दो दिन का समय निर्धारित किया गया है।

.....................................................

<u>राष्ट्रीय सम्मेलन</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मुख्य सचिवों के चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करेंगे। तीन दिन का यह सम्मेलन कल शुरू हुआ था और इसका उद्देश्य राज्यों के सहयोग से साझा विकास एजेंडे का मूल्यांकन करना और उसे लागू करना तथा इसमें सुधार करना है। प्रधानमंत्री ने कल इस राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता की थी।

.....................................................

<u>लॉचिंग</u>

उत्तराखंड में 38वें राष्ट्रीय खेलों का आज शुभंकर, लोगो, टार्च, जर्सी और एंथम लांच किया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे, जबकि केंद्रीय खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे

और भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी ऊषा भी इस अवसर पर मौजूद रहेंगे। राष्ट्रीय खेलों का शुभंकर प्रतीक 'मौली' यानी मोनाल पक्षी अब नए अवतार में नजर आएगा, जो खिलाड़ियों के दृष्टिकोण से और अधिक आकर्षक तथा प्रेरक होगा। राष्ट्रीय खेलों का नया लोगो भी डिज़ाइन किया गया है, जिसमें उत्तराखंड की संस्कृति और पहचान को उकेरने का प्रयास किया गया है। जर्सी, टार्च, और एंथम में भी उत्तराखंड की छाप साफ नजर आएगी। राष्ट्रीय खेलों की मशाल में गंगा नदी और राज्य पुष्प ब्रह्मकमल के चिन्ह दिखाए जाएंगे, जो विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए हैं। इसके अलावा, उत्तराखंडी लोक कला 'एपण' को भी प्रचार सामग्री में प्रभावी रूप से दर्शाया जाएगा। राष्ट्रीय खेल सचिवालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमित सिन्हा ने कहा कि, राष्ट्रीय खेलों की तैयारियां तेजी से चल रही हैं, और सरकार एक बेहतर आयोजन के लिए प्रतिबद्ध हैं।

.....................................................

सौर ऊर्जा उपयोग

नैनीताल जिले के काठगोदाम, हल्द्वानी, लालकुआं और रामनगर रेलवे स्टेशनों पर अब सौर ऊर्जा का बड़े पैमाने पर उपयोग किया जा रहा है। इन स्टेशनों पर 120 किलोवाट की अधिकतम क्षमता के सोलर पैनल लगाए गए हैं, जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहे हैं।

.....................................................

विश्व आयुर्वेद कांग्रेस

10वीं वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस और आरोग्य एक्सपो 2024 के तीसरे दिन विभिन्न सत्रों में आयुष के क्षेत्र में की गई नवीन खोजों पर चर्चा की गई। विशेष रूप से नेत्र चिकित्सा और धूम्रपान उपचार में उपयोग होने वाली औषधियों की प्रस्तुतीकरण ने सभी का ध्यान खींचा। दर्शनशास्त्र से जुड़ी औषधियों और चर्म रोगों के उपचार में बर्बेरिन के उपयोग पर भी गहरी चर्चा हुई। आयुर्वेद के माध्यम से पशु चिकित्सा के क्षेत्रों पर भी विचार विमर्श हुआ। उत्तराखंड आयुष नीति 2023 के प्रावधानों और इसके त्वरित कार्यान्वयन पर भी महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए।

.....................................................

आरबीआई

भारतीय रिजर्व बैंक ने बिना जमानत के कृषि ऋण की सीमा एक लाख साठ हजार से बढ़ाकर दो लाख रुपये करने का निर्णय लिया है। इस निर्णय से किसानों पर मुद्रास्फिति और कृषि की बढती लागत का प्रभाव कम होगा। रिजर्व बैंक इस निर्णय का उद्देश्य किसानों को बेहतर वित्तीय सुविधा प्रदान करना है। इसे यह सुनिश्चित होगा कि किसानों के पास परिचालक और विकास संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त संसाधन है। यह कदम विशेष रूप से छोटे और सीमांत किसानों के लिए ऋण की पहुंच को बढ़ावा देगा। इस पहल से किसान क्रेडिट कार्ड ऋण की मांग भी बढ़ेगी, जिससे किसान कृषि कार्यों में निवेश और अपनी आजीविका में सुधार कर सकेंगे।

.....................................................

आयुष लाभ

राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत उत्तराखंड में हर महीने करीब तीन लाख लोग आयुष सेवा का लाभ उठा रहे हैं। पिछले 22 महीनों में 67 लाख से अधिक लोग आयुष स्वास्थ्य सेवाओं से लाभान्वित हुए हैं। यह मिशन विशेष रूप से दूरस्थ क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू किया गया था, और उत्तराखंड जैसे कठिन भौगोलिक परिस्थितियों वाले राज्य में इसकी प्रभावशीलता स्पष्ट रूप से दिख रही है। केंद्रीय आयुष मंत्रालय से मिली जानकारी के अनुसार, वर्ष 2023 में 42 लाख 64 हजार लोगों ने आयुष सेवा का लाभ लिया। इस वर्ष अक्टूबर तक 24 लाख 56 हजार लोग इससे लाभान्वित हुए हैं। देहरादून में आयोजित विश्व आयुर्वेद कांग्रेस एवं आरोग्य एक्सपो–2024 में उत्तराखंड की प्रगति पर विशेष चर्चा की गई और केंद्रीय आयुष सचिव ने उत्तराखंड की सराहना की।

.....................................................

एक्रो वर्ल्ड चैंपियनशिप –टिहरी

टिहरी बांध जलाशय क्षेत्र में आगामी 19 से 23 दिसम्बर तक एक्रो वर्ल्ड चैंपियनशिप और एयरो शो 2024 का आयोजन किया जाएगा। इसमें 25 विदेशी एक्रो पायलट, 50 भारतीय एस०आई०वी पायलट, और 25 टैंडम पायलट प्रतिभाग करेंगे। आयोजन में पैराग्लाइडिंग और बेस जंपिंग का प्रदर्शन भी किया जाएगा। इसके अलावा, स्थानीय लोगों और आगंतुकों को निःशुल्क टैंडम पैराग्लाइडिंग का अवसर मिलेगा।

.....................................................

ईवी स्टेशन

देहरादून शहर में जल्द ही 10 इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। यह अभिनव पहल जिलाधिकारी सविन बंसल के नेतृत्व में हो रही है, जो शहर को इको–फ्रेंडली बनाने के प्रयास में जुटे हैं। इन चार्जिंग स्टेशनों में से दो प्रमुख स्टेशन गांधी पार्क और परेड ग्राउंड के सामने पूरी तरह तैयार हो चुके हैं। खास बात यह है कि इन स्टेशनों को शून्य खर्च पर स्थापित किया जा रहा है, जो एक अनूठी पहल साबित हो रही है। ईवी चार्जिंग स्टेशन के स्थापित होने से जहां एक ओर वाहन चालकों को सुविधा मिलेगी, वहीं दूसरी ओर यह शहर के पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने में भी मदद करेगा। इस पहल से देहरादून शहर को प्रदूषण मुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। इसके अलावा यह कदम लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुक भी करेगा और शहर में ईवी वाहनों की संख्या में वृद्धि की संभावना है, जिससे वायु और ध्वनि प्रदूषण में भी कमी आएगी।

.....................................................

क्रिकेट

ब्रिस्बेन में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के दूसरे दिन आस्ट्रेलिया ने तीन विकेट पर 77 बना लिये हैं। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह ने दो विकेट लिए। इससे पहले कल, पहले दिन का खेल वर्षा के कारण समय से पहले समाप्त घोषित करना पड़ा।

.....................................................

एक नज़र समाचार पत्र की सुर्खियों पर—

आई.एम.ए में कल हुई पासिंग आउट परेड की ख़बर सभी अख़बारों की सुर्खियों में है। हिंदुस्तान समाचार पत्र नौजवान अधिकारियों के चित्र के साथ लिखता है— भारतीय सेना को मिले 456 जाबांज अफसर। इसी ख़बर पर अमर उजाला का शीर्षक है— आईएमए पासिंग आउट परेड में नेपाल सेना प्रमुख सिगडेल ने कहा, दुनिया की सर्वश्रेष्ठ सेनाओं में से एक है भारतीय सेना।

प्रदेश में महापौर के छह व निकाय अध्यक्षों के 58 पद आरक्षित। इस शीर्षक के साथ दैनिक जागरण की ख़बर है— शासन ने जारी की नगर निकाय प्रमुख के पदों पर आरक्षक की अनंतिम अधिसूचना।

राज्य में हर महीने तीन लाख लोगों को आयुष सेवा का लाभ। इस ख़बर के साथ हिंदुस्तान समाचार पत्र की सुर्खियां है— नेशनल आयुष मिशन के तहत दो वर्ष के आंकड़े जारी, 67 लाख से ज्यादा लोगों को मिला लाभ।

बाटाघाट, लाइब्रेरी चौक और चकराता में खुलेंगे पर्यटक बूथ। इस शीर्षक के साथ नवोदय टाइम्स ने लिखा है— शीतकालीन चारधाम यात्रा के सफल संचालन की तैयारी, एसएसपी अजय सिंह ने पुलिस अधिकारियों के साथ की बैठक।

लोकसभा में संविधान के 75 वर्ष की गौरवशाली यात्रा पर प्रधानमंत्री के जवाब की ख़बर पर राष्ट्रीय सहारा लिखता है— प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद में कांग्रेस पर बोला सीधा हमला, कहा— संविधान को चोट पहुंचाने में नहीं छोड़ी कसर। इसी ख़बर पर हिंदुस्तान समाचार पत्र प्रधानमंत्री के हवाले से लिखता है— गरीबी हटाओं कांग्रेस का सबसे बड़ा जुमला।

..................................................